इनमें उसकी जरुरत नहीं है । उपभोक्ता संख्या 62588, 62163, 63188 (हिसार) व 28279 (बवैन) में भी ऑप्टिकल फाइबर केबल प्रयोग नही किया गया है तथा इनमें सामान्य पद्धति के अनुसार, भूमिगत कापर केबिल तथा ओवर हैड लाइनों/ड्रॉप वायरों का प्रयोग ही किया गया है ।

(ग) तथा (घ) ऊपर (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

माननीय मंत्री जी ने 23-3-94 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न सं० 401 के उत्तर में कहा था कि माननीय सांसद सदस्य द्वारा इंगित कदाचारों की जांच कराई जाएगी । ऐसी शिकायतें और उन पर अनुवर्ती कार्रवाई एक सतत प्रक्रिया है । विगत में दोषी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई शुरु की गई है तथा कुछ मामलों में अदालती कार्रवाइयां भी शुरु की गई हैं ।

Setting up of telephone exchange in Metpanjra

3510. DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR: Will the Minister OF COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Metpanjra Exchange in Nagpur District (Rural) is almost not working due to one or the other fault of the Department;

(b) whether it is also a fact that inspite of hundreds of complaints, the department does not do anything and the villagers are put to difficulties;

(c) whether it is also a fact that no telephone can be made on it from Nagpur and that Nagpur cannot be got from that telephone;

(d) if so, by when a proper exchange will be set up in Metpanjra so that the telephones can work well; and

(e) what will be done to solve this difficulty?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) No, Sir. The Metpanjra Exchange in Nagpur District (Rural) is working satisfactorily.

(b) No, Sir. Whenever any fault is reported in this exchange, it is attended to promptly.

(c) Yes, Sir. Direct dialled calls can not be made between Metpanjra and Nagpur because Metpanjra exchange does not have STD facility. However, it is possible to book trunk calls either from Nagpur or from Metpanjra and trunk calls can be established.

(d) and (e) The exchange is expected to be provided with STD facility during 1995-96.

**दरभंगा में नया डाकघर खोला जाना**

3511. **श्री रामगोपाल यादव:** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नया डाकघर खोलने के लिए कुछ विशेष शर्तों को पूरा करना आवश्यक है ;

(ख) क्या नया डाकघर खोलने के संबंध में कोई प्रावधान है ;

(ग) क्या बिहार के दरभंगा जिले में डिमुहानी घाट वहां डाकघर खोलने हेतु आवश्यक सभी शर्तों को पूरा करता है ; और

(घ) यदि हां, तो वह कब तक डाकघर खोले जाने की संभावना है ; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुखराम)** : (क) से (ग) जी हां ।

(घ) ग्राम पंचायत क्षेत्रों में विभागीय मानदंड पूरे होने और संसाधन उपलब्ध होने पर ही डाकघर खोले जाते हैं । तथापि, प्राथमिकता बिना डाकघर वाली पंचायतों को दी जाती है ।